आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 31.05.2025

मुख्य समाचारः—

1— सुशासन तिहार का आज हुआ समापन—मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला थमना नहीं चाहिए।

2— 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत जागरूकता रथ पहुंचा रायपुर, दुर्ग और जांजगीर—चांपा जिले के गांवों में—वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित।

3— शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि युक्तियुक्तकरण से हजारों की संख्या में स्कूलों के बंद होने की बात पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन।

4— विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आज प्रदेश में हुए अनेक जागरूकता कार्यक्रम—स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों को किया जाएगा तम्बाकू मुक्त।

मुख्यमंत्री—सुशासन तिहार

सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण आज संपन्न हो गया। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धमतरी जिले के रुद्री पहुंचे। उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने धमतरी में हाईटेक बस स्टैंड, ऑडिटोरियम सहित दौ सौ तेरह करोड़ रूपए की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्रदेशभर में चालीस लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से पंचानवे फीसदी का समाधान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने आज धमतरी में आयोजित समीक्षा बैठक में विकसित छत्तीसगढ़ का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि 'विकसित छत्तीसगढ़' के लिए तैयार किया गया विजन डाक्यूमेंट एक रोडमैप की तरह है, जिसमें लक्ष्य और दिशा—निर्देश स्पष्ट हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज रायपुर और धमतरी जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के समापन पर कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला थमना नहीं चाहिए। जन—जन से संवाद और उनकी समस्याओं का समाधान निरंतर जारी रहना चाहिए।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ में वैज्ञानिकों की टीम गांव—गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद कर रही है। इसी कड़ी में आज दुर्ग जिले के पहांदुर में जागरूकता रथ पहुंचा। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने मृदा परीक्षण, उद्यानिकी और कृषि शिक्षा विषयों पर किसानों से बातचीत की।

वहीं, वैज्ञानिकों की टीम ने रायपुर जिले के धरसीवां ब्लॉक में मलौद और सिलयारी गांव में किसानों से बातचीत की। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि उनकी टीम ने किसानों से रासायनिक खाद का उपयोग कम करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ जांजगीर—चांपा के सिवनी गांव भी पहुंचा। यहां के किसान अविनाश मांझी ने बताया कि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत खेती के अंतर्गत फसल चक्र और पशुपालन के फायदे बताए।

गौरतलब है कि विकसित कृषि संकल्प अभियान बारह जून तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश के तेरह लाख से अधिक किसानों से संपर्क करने का लक्ष्य है।

स्कूल–युक्तियुक्तकरण

स्कूल शिक्षा विभाग ने कुछ संगठनों और व्यक्तियों द्वारा फैलाई जा रही युक्तियुक्तकरण से हजारों की संख्या में स्कूलों के बंद होने की बात को पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। विभाग ने कहा है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का उद्देश्य किसी की पढ़ाई रोकना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

राज्य के कुल दस हजार चार सौ तिरसठ स्कूलों में से सिर्फ एक सौ छियासठ स्कूलों का समायोजन होगा। इनमें ग्रामीण इलाके के एक सौ तैंतीस स्कूल ऐसे हैं, जिसमें छात्रों की संख्या दस से कम है और एक किलोमीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में तैंतीस स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या तीस से कम है। इस कारण इन स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है, इससे किसी भी बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। बाकी अन्य दस हजार दो संतानवे स्कूल पहले की तरह चालू रहेंगे। शिक्षा विभाग ने लोगों से अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है।

जिले की चिट्ठी

आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''मुंगेली'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक वैश्विक पहल है।इस अवसर पर प्रदेश में जन–जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा है कि शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाए जाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के उन्नीस हजार से अधिक शैक्षणिक संस्थान तम्बाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। इसके अलावा हर जिले की पांच ग्राम पंचायतों को धूम्रपान मुक्त घोषित करने की पहल शुरू की गई है।

इस बीच, विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर महासमुंद जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कोरोना–मरीज

प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। राज्य सर्वेलेन्स अधिकारी डॉक्टर खेमराज सोनवानी ने बताया कि प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी–खांसी, बुखार, सांस की तकलीफ हो तो वे तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा

आतंकवाद समाप्त करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में अपनी आधिकारिक यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय वार्तायें कर रहा है। इस कड़ी में, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आज कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेनियो और एशिया–प्रशांत से जुड़े उनके वरिष्ठ सहयोगियों से मुलाकात की। श्री थरूर ने कहा कि भारत ब्रिक्स देशों के साथ संबंधों को बहुत महत्व देता है। डीएमके सांसद कनिमोई के नेतृत्व में एक और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस समय लातविया की यात्रा पर है।

शिक्षक–काउंसलिंग

प्रदेश में अतिशेष प्रधान पाठकों और सहायक शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया जारी है। कोरबा में कलेक्टर अजीत वसंत की उपस्थिति में अतिशेष प्रधान पाठकों और सहायक शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग शुरू हुई। प्रथम चरण में वरिष्ठता के आधार पर अतिशेष प्रधानपाठकों की काउंसलिंग की गई। काउंसिलिंग में शामिल शिक्षकों के नवीन पदस्थापना आदेश भी जारी किए गए।

राज्यपाल–दौरा

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि हमारे देश और राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने बालोद में स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात के दौरान यह बात कही। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को अच्छी आमदनी हो सके, इसके लिए उन्हें लगातार नई–नई तकनीक और उपायों को सीखना होगा।

वहीं, राज्यपाल रमेन डेका मोहला–मानपुर जिले के प्रवास पर भी पहुंचे। जहां उन्होंने मोहला में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं, परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

कोयला घोटाला आरोपी–रिहा

कोयला घोटाला और जिला खनिज संस्थान न्यास–डीएमएफ घोटाले के छह आरोपी आज केन्द्रीय जेल रायपुर से रिहा कर दिए गए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरोपियों की जमानत मंजूर किए जाने के बाद उन्हें रिहा किया गया। इनमें तत्कालीन मुख्यमंत्री सचिवालय की उप सचिव सौम्या चौरसिया, तत्कालीन कोरबा कलेक्टर रानू साहू, आईएएस समीर विश्नोई के अलावा, रजनीकांत तिवारी, वीरेन्द्र जायसवाल और संदीप नायक शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा गवाह को प्रभावित किए जाने की आशंका के मद्देनजर उन्हें जमानत पर रिहा होने के बाद छत्तीसगढ़ से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सौम्या चौरसिया, रानू साहू और समीर विश्नोई अगले आदेश तक छत्तीसगढ़ से बाहर रहेंगे और उन्हें जांच एजेंसी अथवा ट्रायल कोर्ट में जरूरत के अनुसार उपस्थित रहना होगा। रिहाई के एक सप्ताह के भीतर इन आरोपियों को राज्य के बाहर अपने रहने का पता कोर्ट में पेश करना होगा।

संक्षिप्त समाचार

– रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आगामी छह जून से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

– भिलाई में एक परिवार से चौव्वन लाख की साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने सीबीआई अफसर बनकर पीड़ित परिवार से यह राशि वसूल की। शिकायत के बाद नेवई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
><>